# पिकअप की टक्कर से मजदूर महिला की दर्दनाक मौत

## मऊगंज के नईगढ़ी कस्बे में रविवार को तड़के हुआ भीषण सड़क हादसा, वाहन छोड़कर भागा चालक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, मऊगंज जिले के नईगढ़ी कस्बे में रविवार के तड़के उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से महिला की दर्दनाक मौत हो गई. पिकअप की ठोकर इतनी तेज रही की महिला का कमर से नीचे का पूरा शरीर कुचल गया.**



कस्बे के बीच घटित हादसे को लेकर स्थानीय ग्रामीण एवं पीड़ित परिवार का आरोप है कि पिकअप चालक ने जानबूझकर महिला के ऊपर गाड़ी चढ़ाई है. मिली जानकारी के अनुसार रविवार को तड़के करीब 4 बजे मऊगंज जिले के नईगढ़ी कस्बा निवासी आदिवासी परिवार की दर्जन भर महिलाएं गेहूं की फसल काटने पैदल जा रही थी. जैसे ही महिलाएं नईगढ़ी किला के पास पहुंची इस बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप को देख महिलाएं हल्ला गुहार मचाते हुए बचने का प्रयास किया. इसी दौरान अचानक पिकअप चालक ने वाहन को एकाएक बैक गियर लगाकर तेज रफ्तार के साथ पीछे किया. जिससे पिकअप की चपेट में आने से नईगढ़ी कस्बे के वार्ड क्रमांक 14 निवासी शकुंतला आदिवासी पति लव आदिवासी पिकअप वाहन की चपेट में आ गई, जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसे के बाद अन्य महिलाओं की चीख पुकार सुन आसपास के लोग पहुंचे और पिकअप चालक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन पिकअप चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर भाग निकला. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पिकअप चालक एवं उसमे सवार एक अन्य व्यक्ति नशे की हालत में थे.

हादसे के बाद लोगो में आक्रोश रहा. इधर हादसे की सूचना नईगढ़ी थाना पुलिस को दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू की.

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई. घटना बीती शाम तकरीबन 8 :00 बजे की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय राजाराम सिंह पैदल अपने घर से जनता कॉलेज के समीप स्थित हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए निकले थे. वापस जाते समय तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई. घटना में गंभीर रूप से घायल हुए राजा राम सिंह को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया है. बताया जा रहा है कि इस तरह दुर्घटना में राहुल कोरी नामक एक युवक भी घायल हुआ है. परिजनों ने बताया कि मृतक राजाराम विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के आनंदपुर में ही निवास कर रहे थे जिनका मूल निवास सदाना सिरमौर है.


# उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शुक्ल

## गंभीर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिकल समस्याओं का सटीक एवं प्रभावी उपचार अब स्थानीय स्तर पर ही हो सकेगा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा में नवस्थापित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक उपकरणों का निवास कार्यालय भोपाल से वर्चुअल लोकार्पण किया.**

उन्होंने कहा कि आमजन को शासकीय संस्थानों में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को साकार करती है. उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), सिंगरौली का आभार व्यक्त किया. एनसीएल ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत इन आधुनिक मशीनों की स्थापना में सहयोग किया है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इस सुविधा से न केवल मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा, बल्कि चिकित्सा विद्यार्थियों को भी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा.उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार निरंतर प्रयासरत है कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जाए, जिससे मरीजों को बड़े शहरों पर निर्भर न रहना पड़े. उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की पहल चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी.



नवस्थापित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में 20 बेड की व्यवस्था की गई है, जिसमें 16 सामान्य बेड एवं 4 आईसीयू बेड शामिल हैं. विभाग में एडवांस्ड गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी स्किल लैब की स्थापना की गई है, जो आधुनिक इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी तकनीकों से सुसज्जित है. इन अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से जटिल रोगों जैसे लिवर संबंधी बीमारियाँ, पित्त नली की पथरी, कैंसरजनित पीलिया, पैंक्रियाटाइटिस, आंतों के रोग, अल्सरेटिव कोलाइटिस तथा अन्य गंभीर गैस्ट्रोएंटरोलॉजिकल समस्याओं का सटीक एवं प्रभावी उपचार अब स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा. ये मशीने अत्यंत उन्नत डायग्नोस्टिक एवं चिकित्सीय प्रक्रियाओं को कम समय में, अधिक सटीकता के साथ संपन्न करने में सक्षम हैं. इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी के माध्यम से बिना बड़े ऑपरेशन के कई जटिल प्रक्रियाएँ की जा सकती हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द, शीघ्र रिकवरी एवं कम खर्च में उपचार उपलब्ध होता है. विभाग द्वारा 6 अप्रैल से संचालन प्रारंभ होने के पश्चात अब तक 18 सफल प्रक्रियाएँ संपन्न की जा चुकी हैं, जो इसकी उपयोगिता और दक्षता को दर्शाता है. इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, डीन डॉ सुनील अग्रवाल, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग डॉ एम एच उस्मानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संगीत जगत की अनुपम स्वर साधिका श्रीमती आशा भोंसले के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक है और भारतीय संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आशा भोंसले जी की अद्वितीय गायकी, भावपूर्ण स्वर और बहुमुखी प्रतिभा ने भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई. उनकी आवाज ने अनगिनत पीढ़ियों के ह्मदय में स्थायी स्थान बनाया है और उनके गीत सदैव प्रेरणा देते रहेंगे. उन्होंने कहा कि उनका निधन केवल एक महान कलाकार का नहीं, बल्कि एक युग के अंत के समान है. संगीत जगत में उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोक संतप्त परिजनों और असंख्य प्रशंसकों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है.

### रीवा संभाग में 15 अप्रैल से होगी गेंहू की खरीदी

**रीवा.** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से आगामी 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जाएगी. गेंहू खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग का कार्य शुरू हो गया है. किसान अपनी सुविधा अनुसार स्लॉट बुक कर निधारित खरीदी केन्द्र पर गेंहू विक्रय कर सकते हैं. इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं.

### ई-केवाइसी कराने पर मिलेगा योजनाओं का लाभ

**रीवा.** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत रीवा और मऊगंज जिले में बड़ी संख्या में मजदूर पोर्टल पर पंजीकृत हैं. इनमें से रीवा और मऊगंज जिले के जिन पंजीकृत मजदूरों की ई केवाईसी लंबित है वे सभी मजदूर पोर्टल पर अपना ईकेवाइसी अपडेट करा दें. जिला श्रम पदाधिकारी ने कहा है कि समग्र संख्या दर्ज करने पर श्रमिक पोर्टल में मजदूरों की पूरी प्रोफाइल अपडेट हो जायेगी. ई केवाइसी होने पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा.

### क्षीरधारा ग्राम योजनान्तर्गत समन्वय समिति गठित

**रीवा.** ग्रामों में पशु नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य तथा पशु पोषण पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई. क्षीरधारा योजना के तहत जिला स्तरीय ग्राम संयुक्त समन्वय समिति गठित की गई है. समिति की अध्यक्ष कलेक्टर होंगी तथा उपाध्यक्ष सीईओ जिला पंचायत को बनाया गया है. समिति में सदस्य सचिव उप संचालक पशुपालन तथा सदस्य उप संचालक कृषि एवं वन मण्डलाधिकारी होंगे. इस योजना में विभागों का समन्वय होने से जागरूकता, वनों के प्रबंधन, ऋण की उपलब्धता, ग्रामीण अवसंरचना विकास, हरित चारा उत्पादन, प्राकृतिक खेती. जैविक खाद एवं बायोगैस प्रबंधन में विशेषज्ञता आदि कार्य समेकित रूप से हो सकेंगे तथा क्षीर धारा ग्राम योजना के मूल उद्देश्यों जैसे पशु पोषण, स्वास्थ्य एवं गोबर उपशिष्ट प्रबंधन जैसे घटकों को पूर्णता मिलेगी तथा यह समन्वय योजना के प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन का आधार बनेगी.

### 87 वर्षीय बुजुर्ग ने लिया देहदान का संकल्प

**मऊगंज.** 87 वर्षीय वयोवृद्ध सेवा निवृत्त शिक्षक भास्कर प्रसाद पाण्डेय पिता चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम बहुती, तहसील हनुमना जिला मऊगंज ने देहदान का संकल्प लिया है. उन्होने कहा कि मेरा यह मत है कि यदि मेरी आंखे, मेरा हार्ट, मेरा फेफड़ा, मेरी किडनी, गुर्दा एवं जिस्म मरणोपरांत भी यदि किसी के शरीर में जाकर उसे नया जीवन प्रदान करता है तो यह पुण्य का कार्य है और इस तरह से मैं मरूंगा नहीं क्योंकि मैं मर करके भी दूसरे व्यक्ति के शरीर में जिंदा रहूंगा और इसी आशय से मैने देहदान किया है.



### गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने उपयोगी है रोटावेटर

**रीवा.** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है. खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है. अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है. ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है. रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं. इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं. बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है. धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है. रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है. रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है. बाजार में रोटावेटर के कई माडल उपलब्ध हैं. किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग कर सकते हैं. कृषि विभाग द्वारा रोटावेटर के लिए अनुदान की भी सुविधा उपलब्ध है.

# फर्नीचर गोदाम में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, मऊगंज जिले में आगजनी की बड़ी घटना सामने आई है. जहां हनुमना के भाजपा नेता ज्योति गुप्ता के फर्नीचर गोदाम में अचानक आग लग गई.**

तड़के लोगों ने गोदाम से धुआं उठता देखा जिसके बाद इसकी सूचना भाजपा नेता सहित फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई. सूचना के बाद हनुमान और मऊगंज की फायर ब्रिगेड ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. लेकिन इसे पहले गोदाम के अंदर रखा फर्नीचर का सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया. जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले के हनुमना पुराना आरटीओ बेरियल स्थित बड़कुरा के पास यह फर्नीचर का गोदाम मौजूद था. जहां लाखों रुपए का सामान रखा था, संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी और फिर इस आग ने पूरे गोदाम को अपने चपेट में ले लिया. फिलहाल अब तक यह पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी है. वही पुलिस ने कहा है की रिपोर्ट के बाद आगे की जांच की जाएगी.



# किसानों को सिंचाई की आधुनिक प्रणाली तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करें : जनार्दन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, रीवा जिले में कृषि वर्ष से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं. इस क्रम में शासकीय कृषि महाविद्यालय में दो दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ सांसद जनार्दन मिश्रा ने किया.**

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि खेती आज भी अर्थ व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण भाग तथा आजीविका का सबसे बड़ा साधन है. हरितक्रांति ने अनाजों का विपुल उत्पादन बढाया है अब हमें जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को अपनाकर अधिक गुणवत्ता पूर्ण तथा स्वास्थ्य के लिए लाभदायक अनाजों की खेती करनी होगी. कृषि वैज्ञानिक किसानों को सिंचाई की आधुनिक प्रणाली तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करें. गौपालन पर आधारित प्राकृतिक खेती से किसान को और गौमाता और दोनों को लाभ होगा. कृषि वैज्ञानिक किसानों को अच्छे किस्म के बीज और कृषि तकनीकों की जानकारी दें. मेले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा उत्पादित मोटे अनाज, जैविक गुड, साहद, जैविक खाद और कीटनाशकों को प्रदर्शित किया गया. मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने भी अपने विचार व्यक्त किये. कृषि मेले में डॉ. अजय पाण्डेय, डॉ. केवल सिंह बघेल, डॉ. रघुराज किशोर तिवारी, डॉ. संजय मौजूद रहे.

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा : श्रीमती भारती

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी से बालाघाट की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने भाजपा संभागीय कार्यालय रीवा में रविवार को 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया.**

श्रीमती भारती ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा. यह अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा. आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया. भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिलाओं को संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब विपक्षी दलों के विरोध के कारण बिल पास नहीं हो सका. जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर देश की आधी आबादी के प्रति भाजपा के सम्मान और दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है. पत्रकारवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट बृजेश पांडेय, योगेंद्र शुक्ला, रमाशंकर गुप्ता मौजूद रहे.



### फसल जलकर राख

रीवा, 12 अप्रैल, रीवा जिले के त्योंथर तहसील के मलपार गांव में आग से फसल जलकर राख हो गई. मलपार गांव के किसान दिलीप गौतम की खड़ी फसल कुछ ही पलों में जलकर राख हो गई. आग इतनी भीषण थी कि खेत में खड़ी गेहूं की फसल को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया. ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने में जुटे रहे कोई पानी से तो कोई मिट्टी से आग पर काबू पाने की कोशिश करता रहा. लेकिन सूचना के बाद भी समय पर दमकल नही पहुंचा.

# खेत में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, गर्मी का मौसम शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी है. इस समय खेत में खड़ी फसलों में आग लगने के मामले ज्यादा हो रहे है जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है.**

जिले के ग्राम अमीरती में शनिवार की दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई. इस दौरान तकरीबन तीन एकड़ से ज्यादा में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई. राहगीरों ने खेत में आग लगने की सूचना किसानों को दी, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. जानकारी के अनुसार यह खेत मारूफ खान और गुरु मिश्रा का है, जहा लगभग तीन एकड़ में गेहूं की खड़ी फसल थी जिसको आग की लपटों ने अपने आगोश में ले लिया. आग लगने का कारण अभी अज्ञात है, खेत के आस पास बिजली के तार और ट्रांसफार्मर भी नहीं लगे है. राहगीरों ने सड़क से जाते समय खेत की तरफ धुआं उठता देख किसानों को जानकारी दी, जिसके बाद किसान अपने खुद के मोटर पंप और नल से पानी भर भर के आग बुझाई. किसानों के द्वारा गोविंदगढ़ पुलिस की सूचना दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज किया और आगे लगने की वजह की जांच की जा जारी है. ज्ञात हो कि गर्मी बढ़ने के साथ ही आगजनी के मामले भी तेजी से बढ़ने लगे है.

# विधायक ने जन-चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्या

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 12 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के तहत त्योंथर क्षेत्र के विधायक विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने नगर परिषद चाकघाट के वार्ड क्रमांक 15 में प्रवास किया.**

इस दौरान विधायक ने न केवल बस्ती का भ्रमण कर जमीनी हकीकत जानी, बल्कि जन-चौपाल लगाकर स्थानीय लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए.चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन-कल्याण के संकल्प को पूरी निष्ठा से पूरा कर रही है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप ही हम सीधे जनता के बीच पहुँच रहे हैं ताकि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जा सके. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने इस दौरान लाड़ली बहना, आवास योजना और किसान हितैषी योजनाओं पर चर्चा की. अभियान के दौरान विधायक ने वार्ड की गलियों में पैदल भ्रमण किया.



उन्होंने वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया. कार्यक्रम में रायपुर सौनौरी मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष विभव जयसवाल, सतीष गुप्ता, अशोक पांडेय, पार्षद इंदल राजू हरिजन, मानिकचंद केशरवानी, सत्यम केसरवानी और सौखीलाल सोनी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए लगाए जा रहे जागरुकता शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, घरों में खाना पकाने के लिए सिलेण्डर से मिलने वाली एलपीजी गैस का उपयोग किया जाता है. इसके बेहतर विकल्प के रूप में पीएनजी यानि पाइप्ड नेचुरल गैस के कनेक्शन रीवा शहर के कई मोहल्लों में दिये जा रहे हैं.**

पीएनजी गैस कनेक्शन लेने के बाद सिलेण्डर लेने की परेशानी समाप्त हो जाती है. पीएनजी गैस पूरी तरह से सुरक्षित है. पीएनजी गैस कनेक्शन देने के लिए रीवा शहर में विभिन्न मोहल्लों मे जागरूकता शिविर लगाये जा रहे हैं. इन शिविरों के लिए प्रभारी अधिकारी तैनात किये गये हैं. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता शिविर के लिए पीएनजी गैस कनेक्शन देने वाली कंपनी के प्रतिनिधि युवराज यादव, विकास कुशवाहा तथा सचिन मिश्रा को तैनात किया गया है. नगर निगम के वार्ड प्रभारी शिविरों के लिए नोडल अधिकारी बनाये गये हैं. जागरूकता शिविर भी लगेगे.

# श्रम योगी मानधन योजना से असंगठित श्रमिकों को मिलेगा सुरक्षित भविष्य

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है.**

इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उसे तीन हजार रुपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाती है.

जिन श्रमिकों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच और मासिक आय 15 हजार रुपए या उससे कम है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं. इस योजना में श्रमिक द्वारा जितनी राशि का अंशदान किया जाता है उतनी ही राशि का अंशदान केन्द्र सरकार द्वारा जमा किया जाता है.

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय है एचपीवी टीकाकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अप्रैल, कैंसर घातक बीमारी है, महिलाओं में होने वाले कैंसर में सर्वाधिक प्रकोप सर्वाइकल कैंसर का होता है. इससे बचाव के लिए सबसे कारगर उपाय एचपीवी टीकाकरण है.**

यह टीका 14 और 15 वर्ष की किशोरी बेटियों को लगाया जाता है. रीवा जिले में समग्र पोर्टल के माध्यम से चिन्हित 27825 बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीके लगाए जा रहे हैं. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया है कि ह्यूमेन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी से बचाव का सबसे कारगर उपाय टीकाकरण है. इसी वायरस के कारण सर्वाइकल कैंसर का प्रकोप होता है. रीवा जिले में मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय बिछिया, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सेमरिया में चिन्हित किशोरियों को एचपीवी टीके नि:शुल्क लगाए जा रहे हैं. यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय होने के साथ-साथ पूरी तरह से सुरक्षित है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि माता-पिता अपनी लाड़ली बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसे घातक रोग से बचाव के लिए एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं. यह बेटियों के लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद होगा. सभी से अपील है कि निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर नि:शुल्क टीकाकरण का लाभ लें.